प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आज, लोकसभा में पेश की जाएगी वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 के लिए गठित जेपीसी की रिपोर्ट ।

2. मुख्यमंत्री ने कहा– समस्याओं के समाधान के लिए लोगों के दरवाजे पर पहुंचेगी जिला और ब्लॉक प्रशासन की टीम, केन्द्र से बकाया खनिज रॉयल्टी भुगतान की उठाई मांग।

3. चतरा में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 6 खनन पट्टा संचालकों को 47 करोड़ से अधिक रुपयों का लगाया जुर्माना ।

4. रांची में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में हॉकी के दोनों वर्ग में झारखंड बना चैंपियन ।
5. राज्य समेत देशभर में मनाई जा रही बसंत पंचमी, महाकुम्भ में अमृत स्नान जारी, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध।

*******************

संसद के बजट सत्र का आज तीसरा दिन है। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर चर्चा होगी। वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी की रिपोर्ट आज लोकसभा में पेश की जाएगी। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल, भाजपा सांसद संजय जायसवाल के साथ यह रिपोर्ट पेश करेंगे। वे संयुक्त समिति के समक्ष दिए गए साक्ष्यों का रिकॉर्ड भी सदन के पटल पर रखेंगे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आपकी योजना– आपकी सरकार– आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान करने का कार्य किया गया है। यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। पश्चिमी सिंहभूम में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक ऐसी व्यवस्था खड़ा कर रही है, जहां जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लोगों के दरवाजे पर जिला और ब्लॉक प्रशासन की टीम पहुंचेगी।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने मंईयां सम्मान की लाभुक महिलाओं को भरोसा दिलाया कि वे अपने पैसे कहां और कैसे खर्च करेंगी, अब सरकार राह दिखाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए कार्य योजना बनाएं तथा गांव और पंचायत स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करें। मुख्यमंत्री ने एक बार फिर केन्द्र से झारखंड के बकाया खनिज रॉयल्टी भुगतान की मांग की।

*******************

गुमला जिले के डुमरी प्रखण्ड स्थित सिरसी गांव में जनजातीय समुदाय के धार्मिक स्थल सिरसी – ता –नाले ककड़ो लता में आज राजकीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस राजकीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री चमरा लिंडा शामिल होंगे।

*******************

राज्यस्तर पर आयोजित हुए सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह में हजारीबाग जिले को दो अवार्ड मिले। इस समारोह का आयोजन लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा झारखंड रांची के द्वारा किया गया। प्रथम पुरस्कार पूरे वर्ष में गुड सेमरिटन तथा दूसरा पुरस्कार हिट एंड रन मामले के प्रभावितों परिवारों को मुआवजा राशि देने के संबंध में

दिया गया। हजारीबाग को सड़क सुरक्षा के कारण पुरस्कृत होने पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिला परिवहन पदाधिकारी समेत सड़क सुरक्षा की टीम को बधाई दी । गुमला जिला परिवहन विभाग को जनवरी माह में संचालित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्य स्तर पर तीन श्रेणियों में सम्मानित किया गया है।

*******************

चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है।

*******************

रांची में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में हॉकी के दोनों वर्ग में झारखंड चैंपियन बना। जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले गए बालिका वर्ग के फाइनल मैच में झारखंड की टीम ने चंडीगढ़ को 7–1 से हराकर विजेता ट्रॉफी हासिल की। बालक वर्ग में झारखंड और ओडिशा के बीच कांटे की टक्कर हुई। फाइनल मुकाबले में अंतिम समय में एडिसन मिंज ने गोल दागकर झारखंड की झोली में चौंपियन ट्रॉफी डाल दी। दोनों वर्गों में उत्तर प्रदेश की टीम तीसरे स्थान पर रही। तीसरे स्थान के लिए खेले गए बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश ने पंजाब को 5–0 से और बालिका वर्ग में गुजरात को 3–1 से पराजित किया।

*******************

इंडियन सुपर लीग–आईएसएल फुटबॉल में जमशेदपुर फुटबॉल क्लब ने फुटबॉल क्लब गोवा को 3–1 से हरा दिया। यह मैच जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला गया। इस जीत के बाद जमशेदपुर 34 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा गया है जबकि गोवा के 33 अंक हैं।

*******************

हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 6 से 8 फरवरी तक पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें कुल 36 विश्वविद्यालयों की लगभग 600 महिला प्रतिभागी शामिल होंगी। यह जानकारी कुलपति प्रो पवन कुमार पोद्दार ने दी। उन्होंने बताया कि मेजबानी को लेकर यूनिवर्सिटी ने पूरी तैयारी की है।

*******************

राज्य समेत देशभर में वसंत पंचमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। राज्य में शिक्षण स्थानों समेत कई जगहों पर आकर्षक पूजा पंडाल बनाए गए हैं । वहीं उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान जारी है। श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है और महाकुंभ के मेला क्षेत्र को नो–व्हीकल और नो वीआईपी जोन घोषित किया गया है।

*******************

और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

- रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने राजनीतिक खबरों के साथ महाकुंभ में अमृत स्नान की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- हिन्दुस्तान ने फोटो स्टोरी के साथ लिखा है – वसंत पंचमी पर आज महाकुंभ में अंतिम अमृत स्नान।
- प्रभात खबर ने लिखा है– महाकुंभ, बसंत पंचमी पर आज चौथा हर– हर गंगे
- वहीं दैनिक भास्कर ने लिखा है– वासंती विजय, टी 20 सीरीज जीते, अभिषेक शर्मा सुपर हीरो, महिला अंडर –19 टीम फिर विश्व विजेता।
- दैनिक जागरण की सुर्खी है –नैक की रेटिंग में सीबीआई ने पकड़ा बड़ा घोटाला, आरसीयू पलामू के कुलपति समेत 10 गिरफ्तार।

- वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने और टाइम्स ऑफ इंडिया ने दिल्ली के चुनावी प्रचार की खबरों को प्रमुखता दी है।

******************